दिन– शनिवार                                        दिनांक– 13 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।                                        अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्योग, निवेश, रोजगार और आधारभूत संरचना के विस्तार को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

02 राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उपेन्द्र कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित। कहा – दीपक प्रकाश पूरी अवधि तक मंत्री बने रहेंगे।

03. असम के जोरहाट में वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त। भोजपुर के कायमनगर निवासी अग्निवीर–वायु दानिश आलम समेत पांच जवानों की मौत।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, औरंगाबाद, बेगूसराय, नालंदा और शेखपुरा समेत चौदह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्योग, निवेश, रोजगार और आधारभूत संरचना के विस्तार को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों को तीस दिनों के भीतर सभी आवश्यक मंजूरियां उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि बिहार में बारह नए टाउनशिप विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से औद्योगिक विकास को गति मिल रही है। उन्होंने कानून–व्यवस्था को विकास की महत्वपूर्ण शर्त बताते हुए कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के जेपी गंगा पथ पर एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है। पटना में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने गंगा तट क्षेत्र के समग्र विकास, पाटलिपुत्र की ऐतिहासिक पहचान के पुनर्स्थापन और राज्य के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

——————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य है। पात्रता परीक्षा पास करने के लिए अंतिम तिथि इकतीस अगस्त दो हजार अट्ठाईस निर्धारित की गयी है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि वे इस आदेश का अध्ययन कर रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देशों के पालन के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

——————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उपेन्द्र कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में श्री कुशवाहा के निर्वाचन की घोषणा की गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। बाद में राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि पार्टी का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीपक प्रकाश अपने पूरे कार्यकाल तक मंत्री बने रहेंगे।

——साउंड बाइट——

——————————————————————————

एनडीए ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के उस बयान को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बिहार कंगाल होने के कगार पर है। गया में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है।

——साउंड बाइट——

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने भी नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन के कारण राज्य तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है।

——साउंड बाइट——

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुयी है और सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार आम लोगों के लिए काम कर रही है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के युवा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, विनिर्माण, सेमीकंडक्टर और ड्रोन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप केंद्रों में शामिल है और इसकी सफलता में छोटे शहरों और गांवों के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी पहलों ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दिया है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों से एनडीए सरकार युवा–नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे देश के युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने सपनों को साकार कर रहे हैं।

———————————————————————

केंद्र सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना देशभर में बालिकाओं के सशक्तिकरण का एक बड़ा अभियान बन गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, पिछले दस वर्षों में, जन्म के समय लिंगानुपात नौ सौ अठारह से बढ़कर नौ सौ उनतीस हो गया है। वहीं, माध्यमिक स्तर पर छात्राओं का नामांकन भी लगभग पचहत्तर प्रतिशत से बढ़कर अस्सी प्रतिशत हो गया है।

———————————————————————

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के नए थल सेनाध्यक्ष होंगे। वे फिलहाल थलसेना में वाइस चीफ के रूप में कार्यरत हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ तीस जून को कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी तीस जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

———————————————————————

भारतीय वायुसेना का ए.एन–32 विमान आज सुबह असम के जोरहाट में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में पांच जवानों की मौत हो गई। हादसे में जान गवांने वालों में भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के कायमनगर के अग्निवीर–वायु दानिश आलम भी शामिल हैं। बाईस वर्षीय दानिश वर्ष दो हजार पच्चीस में वायु सेना में शामिल हुए थे। वायुसेना ने कहा है कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की जा रही है।

———————————————————————

प्रदेश के उन्नीस जिलों तक मानसून पहुंच चुका है। मानसून की उत्तरी सीमा अभी मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। मानसून के प्रभाव से आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और आस–पास के जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चौबीस घंटों में प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान पटना, औरंगाबाद, रोहतास, बेगूसराय, नालंदा और शेखपुरा समेत चौदह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

ज्ञान भारतम मिशन के तहत बिहार में तीन लाख चौदह हजार दुर्लभ पांडुलिपियों की खोज की गयी है। नव नालंदा महाविहार के कुलपति तथा मिशन के बिहार क्लस्टर निदेशक प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि इनमें से कई पांडुलिपियां सैंकड़ों साल पुरानी है। उन्होंने बताया कि पंद्रह हजार से अधिक पांडुलिपियों को डिजिटाईजेशन पूरा किया जा चुका है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने कुख्यात अपराधी संतोष यादव के पटना और नालंदा स्थित पच्चीस ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हथियार की तस्करी, अवैध संपत्तियों और आय के स्त्रोतों की जानकारी जुटाने के लिए यह कार्रवाई की गयी। छापेमारी के दौरान जमीन, वित्तीय लेन–देन, संपत्ति से जुड़े कागजात और बेनामी संपत्ति की जांच की गयी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना में बिस्कोमान भवन की तेरहवीं मंजिल पर बेल्ट्रॉन कार्यालय में आज तड़के आग लग गयी। आग लगने के कारण कई महत्वपूर्ण कागजात और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर नष्ट हो गए। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि पूरी जांच होने के बाद ही सही कारणों का पता चल सकेगा।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुराबगंज के पास एनएच–इकतीस पर एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से पच्चीस यात्री घायल हो गए। इनमें से पंद्रह की स्थिति गंभीर बताई जाती है। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के जीएनसीएच, पूर्णिया रेफर कर दिया गया है।

————————————————————

मधुबनी जिले के बासोपट्टी थाना क्षेत्र कौआहा से पुलिस ने चार सौ उन्नीस किलो गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि गांजा की तस्करी में डायल–एक सौ बारह के चालक की संलिप्तता पाई गयी है, जिसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के डुमरिया घाट थाना क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से साढ़े दस किलो अफीम के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने नवादा सदर अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सुजीत कुमार को पंद्रह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी शिकायतकर्ता से जमीन के परिमार्जन के एवज में घूस ले रहा था।

————————————————————

धान खरीद में अनियमितता बरतने के आरोप में बांका जिले के चुटिया बेलारी पैक्स अध्यक्ष मोहम्मद शाहबाज को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पैक्स अध्यक्ष पर पचास लाख रुपये मूल्य की धान की हेराफेरी का आरोप है।

————————————————————

समस्तीपुर जिले के बढौना पंचायत के चतरा गांव में करंट लगने से मां–बेटे की मौत हो गई।

————————————————————

राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत शेखपुरा जिले के मदारीपुर गांव में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के योगापट्टी प्रखंड निवासी सारांश कुमार ने गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैम्पियनशिप के रिदमिक पेयर योगासन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। बेतिया पहुंचने पर सारांश कुमार का बैंड–बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्योग, निवेश, रोजगार और आधारभूत संरचना के विस्तार को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

02 राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उपेन्द्र कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित। कहा – दीपक प्रकाश पूरी अवधि तक मंत्री बने रहेंगे।

03. असम के जोरहाट में वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त। भोजपुर के कायमनगर निवासी अग्निवीर–वायु दानिश आलम समेत पांच जवानों की मौत।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, औरंगाबाद, बेगूसराय, नालंदा और शेखपुरा समेत चौदह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।